आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 14.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया– इसमें एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया।

2– कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई और बेरोजगारी कम करने का कोई जिक्र नहीं है।

3– भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खैरागढ़ में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ को माओवाद की समस्या से मुक्त कर दिया जाएगा।

4– राष्ट्र आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

भाजपा–घोषणा पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। इस संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले पांच वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। भाजपा ने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का वादा किया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है, जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता पर केंद्रित है। श्री मोदी ने कहाकि भाजपा नये 'सैटेलाइट शहर' बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा देशहित में बड़े और कड़े फैसले लेने से कभी पीछे नहीं हटती।

इधर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय ने रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा के संकल्प पत्र को जारी किया। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने पर देशभर में तीन करोड़ पक्के मकान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी मुक्त भारत और विकसित भारत की योजना पर जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

संकल्प पत्र–कांग्रेस प्रतिक्रिया

दूसरी ओर, भाजपा के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता से किए वायदों को पूरा नहीं किया है, इसलिए वह संकल्प पत्र नहीं, बल्कि माफीनामा जारी करें। श्री बैज ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सक्षम और स्वावलंबी भारत बनाने की दिशा में कुछ भी नहीं है।

इस बीच, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई और बेरोजगारी कम करने का कोई जिक्र नहीं है।

अमित शाह–खैरागढ़

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत खैरागढ़ नगर में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यदि केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि केन्द्र में पिछले दस साल में मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान देश के बाकी हिस्सों में नक्सलवाद खत्म हो गया है। सिर्फ छत्तीसगढ़ में बाकी है। उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल में छत्तीसगढ़ से भी इसे खत्म कर दिया जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान नक्सलवाद के खिलाफ अभियान धीमा पड़ गया था। लेकिन, राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही इसमें तेजी आई है और बीते चार महीने में ही छप्पन से ज्यादा माओवादी मारे गए हैं। वहीं, करीब डेढ़ सौ माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस, झूठ का व्यापार करती है, वह कहती है कि भाजपा सविधान बदल देगी और मोदी जी तीसरी बार सत्ता में आए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। श्री शाह ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए भारतीय जनता पार्टी ना आरक्षण खत्म करेगी और ना किसी को करने देगी।

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने के साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है।

भीमराव अंबेडकर–जयंती

राष्ट्र आज संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी एक सौ चौतीसवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी अंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री साय ने कहा कि बाबासाहेब ने देश को संविधान रूपी ग्रंथ देकर पिछड़ों, वंचितों और दलितों को शक्ति दी।

वहीं, भाजपा शहर मंडल के सदस्यों ने भी डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भाजपा नेता डिपेंद्र साहू ने उपस्थित लोगों से डॉक्टर अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने की बात कही। इसी तरह, बौद्ध समाज के लोगों ने अंबेडकर चौक से बाईक रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची।

इसी तरह, जांजगीर–चांपा के कचहरी चौक में स्थित डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर,

जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्र्यापण किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मुख्यालय में आज बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक विजय कुमार साहू ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

<u>सरगुजा आगजनी–बच्चे मौत</u>

सरगुजा जिले के मैनपाट थाना क्षेत्र में बीती रात एक झोपड़ी में आग लगने से तीन सगे भाई–बहनों की जलकर मौत हो गई।

हमारे संवाददाता ने बताया कि यह घटना जिले के बरिमा गांव के पकरीखार मोहल्ले में हुई, जहां एक मांझी परिवार की दो बालिकाएं और एक बालक एक कमरे में सो रहे थे। वहीं, उनकी मां एक अन्य बच्चे के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी। इसी दौरान झोपड़ी में आग लगते देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नींद में सो रहे बच्चों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वे बुरी तरह से झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

गई। तीनों बच्चों की उम्र छह से नौ वर्ष के बीच बताई गई है। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<u>डाक मतपत्र–मतदान</u>

लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों, दिव्यांगजन और पचासी वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के लिए डाक मतपत्र के जरिये मतदान की सुविधा दी जा रही है। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले में अनिवार्य सेवा में लगे नौ कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिये मतदान किया।

वहीं, कांकेर जिले में पचासी वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिक तथा चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करवाने के लिए बाईस मतदान दल बनाए गए हैं। इन दलों के सदस्यों ने आज ग्राम डोंगापारा में अंठानवे साल के बुजुर्ग मतदाता नोहरूराम मातलाम, गढ़पारा निवासी बयानवे वर्षीय स्नेहलता कुन्डू, जनकपुर निवासी अठासी वर्षीय संतूमल खटवानी और ऊपरपारा निवासी दिव्यांग मतदाता यामिनी उइके के घर पहुंचकर उनका मतदान कराया।

इसी तरह, बीजापुर जिले के भैरमगढ़, नेलसनार और भोपालपटनम में पचासी वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सात मतदाताओं और सत्रह दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत मतदान किया। इस दौरान उन्होंने अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिले में अब तक पैंतीस मतदाता डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर चुके हैं।

<u>गांजा–बरामद</u>

राजनांदगांव जिले की घुमका पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आठ किलोग्राम गांजा और मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

वहीं, इसी जिले में नंदई चौक के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहे दो आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीढ़ ढाई किलोग्राम गांजा जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग चौबीस हजार रूपये बताई गई है।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह

बिलासपुर जिले में आज से अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन आज शहर में अग्नि सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली गई। इस रैली में नगर सेना, एसडीआरएफ और अग्निशमन सेवा के लगभग दो सौ जवान शामिल हुए। रैली में दमकल वाहन भी साथ चल रहे थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता

नारायणपुर में रामकृष्ण आश्रम स्थित फुटबॉल ग्राउंड में चल रही स्वामी विवेकानंद अंडर–ट्वेंटी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन आज तमिलनाडु और उत्तराखंड के बीच खेले गए मैच में तमिलनाडु की टीम ने उत्तराखंड को एक के मुकाबले पांच गोल से हरा दिया। वहीं, एक अन्य मैच में पश्चिम बंगाल ने पंजाब को एक के मुकाबले पांच गोल से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

– बस्तर जिले में कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष बलराम मौर्य आज अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

– बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश के सरगुजा, रायगढ़ और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है। पार्टी ने सरगुजा से संजय इक्का, रायगढ़ से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजत को अपना प्रत्याशी बनाया है।

– दुर्ग जिले के पुलगांव थाना क्षेत्र में आज सुबह शिवनाथ ब्रिज पर कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक युवती की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

– बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में फर्जी जन्म–मृत्यु प्रमाण बनाने के मामले में पुलिस ने कम्प्यूटर दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया है।

– आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने के आरोप में दुर्ग पुलिस ने रायपुर के रायपुर के एक फॉर्म हाउस में छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

– दक्षिण से आ रही नमीयुक्त हवाओं का असर कम होने के कारण कल प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।